
# प्रदूषण फैलाने पर PMC ने जारी किया नोटिस

## चर्चा में क्यों?

प्रयागराज नगर निगम (PMC) ने स्मार्ट सिटी प्रयागराज में **वायु गुणवत्ता को प्रभावित** करने के लिये **प्रयागराज विकास प्राधिकरण (PDA), लोक निर्माण विभाग (PWD), उत्तर-मध्य रेलवे (NCR) और जल निगम सहित नौ विभागों** को नोटिस जारी किया है

## मुख्य बिंदु:

- नोटिस में **प्रयावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग का रिट** नंबर शामिल है। निर्माण स्थलों को कवर करने के लिये हरे पर्दों का उपयोग करने, स्प्रिंकलर मशीनों के साथ नियमित रूप से पानी का छिड़काव करने, सड़क की मशीनीकृत सफाई करने और धूल को कम करने जैसे उपायों को लागू करने की सलाह दी गई है
- PMC के एक अधिकारी के अनुसार, **शहर में वायु प्रदूषण में वृद्धि** का कारण चल रही निर्माण गतिविधियाँ हैं। जनता की चिंताओं को दूर करने के लिये संबंधित विभागों को नोटिस भेज दिये गए हैं।
- निर्देशों का पालन नहीं करने पर नियमानुसार आगे की प्रवर्तन कार्रवाई की जा सकती है।




//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pmc-issues-notice-for-spreading-pollution